नवभारत
भोपाल, सोमवार 29 जून, 2026

पहली बारिश में बह गया विकास

खास बातें

- सीवेज लाइन बनी मुसीबत, कीचड़ से पैदल चलना भी मुश्किल
- चौमासे के चार महीने काटना बना चुनौती
- वार्ड 32 के अलावा 31 और 34 में भी ऐसे ही हालात हैं

नवभारत न्यूज

विदिशा 28 जून, शहर में विकास के बड़े-बड़े दावों की हकीकत पहली ही जोरदार बारिश में सामने आ गई. वार्ड 32 समेत शहर के पटरी पार इलाके में स्थित वार्ड 31, 33 और 34 में भी पानी निकासी के इंतजाम नहीं हैं जिसके चलते पहली ही जोरदार बारिश में कई घरों में पानी भर गया और कई रास्ते बंद हो गये. खास तौर पर बंटी नगर और आम वाली कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों में सीवेज लाइन बिछाने के लिए सड़कें खोदी गई थीं, लेकिन कार्य के बाद उनकी समुचित मरम्मत नहीं की गई.

शनिवार को हुई बारिश के बाद पूरी सड़क कीचड़ और पानी से लबालब हो गई, जिससे लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो गया. स्थानीय रहवासियों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के मौसम में उन्हें इसी परेशानी का सामना करना पड़ता है. खराब रास्तों के कारण ऑटो चालक कॉलोनी के भीतर आने से मना कर देते हैं, जिससे बच्चों को मुख्य सड़क तक पैदल जाना पड़ता है. बारिश के दिनों में कई ऑटो चालक बच्चों को स्कूल ले जाना भी बंद कर देते हैं, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है. रहवासियों ने बताया कि सड़क की बदहाल स्थिति के कारण वे अपने वाहन घर तक नहीं ले जा पाते. मजबूरन वाहनों को खुले मैदान में खड़ा करना पड़ता है, जिससे चोरी का डर बना रहता है. स्थानीय लोगों के अनुसार यह समस्या पिछले तीन वर्षों से बनी हुई है. इसकी शिकायत नगर पालिका अध्यक्ष, विधायक और संबंधित अधिकारियों को भी समस्या से अवगत कराया, इसके बावजूद न तो सड़क का निर्माण कराया गया और न ही जल निकासी की उचित व्यवस्था की गई. अब लोगों को चिंता है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो पूरे बारिश के मौसम में आवागमन और दैनिक जीवन गंभीर रूप से प्रभावित रहेगा.

बेतवा घाट पर बड़ा हादसा टला, नदी में डूब रही महिला को जवान ने बचाया

नवभारत न्यूज

विदिशा 28 जून,शहर के बेतवा घाट पर रविवार को एक बड़ा हादसा टल गया. बेतवा नदी में डूब रही 55 वर्षीय महिला को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया.

बहाव में बहकर महिला आड़ी नदी की ओर पहुंच गई थी, जहां एक जवान ने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए उसकी जान बचाई. जानकारी के अनुसार डंडापुरा निवासी संगीता चौबे (55 वर्ष), पति संतोष चौबे किसी कारणवश बेतवा घाट पर नदी में डूबने लगीं. इसी दौरान 231 दशरथ सिंह ने तत्काल नदी में छलांग लगाकर उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया. घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को भी दी. महिला की हालत फिलहाल सामान्य बताई जा रही है और वह सुरक्षित हैं.

बच्चों को पिलाई जाएगी दो बूंद जिंदगी की

नवभारत न्यूज

सिरोंज में 28 जून से 30 जून तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा. अभियान के तहत जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई जाएगी. इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक तैयारियां की हैं. सिरोंज विकासखंड में 34 हजार 311 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है. अभियान के लिए 295 पोलियो बूथ, 590 वैक्सीनेटर और 40 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं. स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वह अपने 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर अवश्य ले जाएं और पोलियो की दवा पिलाकर उन्हें इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखें.

बलात्कार एवं छेड़खानी के मामले में डॉक्टर गिरफ्तार

सिरोंज पुलिस की कार्रवाई, न्यायालय में पेशी के बाद भेजा गया न्यायिक अभिरक्षा में

नवभारत न्यूज

विदिशा, सिरोंज थाना पुलिस ने बलात्कार, छेड़खानी एवं जान से मारने की धमकी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी डॉ. संजीव माथुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया. पुलिस के अनुसार 24 जून 2026 को एक महिला ने थाना सिरोंज में शिकायत दर्ज कराई थी. शिकायत में आरोप लगाया गया कि संजीवनी अस्पताल, सिरोंज में उपचार के दौरान आरोपी डॉक्टर ने उसके साथ बुरी नीयत से छेड़छाड़ की. साथ ही घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया. पीड़िता की शिकायत के आधार पर थाना सिरोंज में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था. जिसके बाद विवेचना शुरू की गई. थाना सिरोंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 28 जून को आरोपी डॉ. संजीव माथुर को गिरफ्तार किया. इसके बाद उसे न्यायालय सिरोंज में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया.

शीतला शक्ति धाम समिति पर सार्वजनिक रास्ता बंद करने का आरोप, नागरिकों में आक्रोश

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. हनुमान चौक स्थित मां शीतला शक्ति धाम के भुजरिया विसर्जन घाट पर लोहे का गेट लगाकर रास्ता बंद किए जाने को लेकर स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं में आक्रोश व्याप्त है. लोगों का आरोप है कि सार्वजनिक मार्ग बंद होने से वार्ड क्रमांक 8, नवीन बस स्टैंड, महाराणा प्रताप चौक एवं आसपास के क्षेत्रों में आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.स्थानीय लोगों के अनुसार, पहले नागरिक इसी मार्ग से होकर माता मंदिर और शहर के विभिन्न हिस्सों तक आसानी से पहुंच जाते थे, लेकिन गेट लगाए जाने के बाद अब उन्हें बरेठ रोड होकर लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है.श्रद्धालुओं का कहना है कि मामले की शिकायत कलेक्टर से भी की गई है, लेकिन धार्मिक स्थल से जुड़ा मामला होने के कारण अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है. उनका आरोप है कि प्रशासन इस विषय में हस्तक्षेप करने से बच रहा है.स्थानीय नागरिकों का यह भी कहना है कि यदि इस मार्ग को विकसित किया जाए तो यह सड़क सीधे महाराणा प्रताप चौक से जुड़ सकती है. उनके अनुसार, क्षेत्र के कुछ लोग सड़क निर्माण के लिए अपनी भूमि देने को भी तैयार हैं.

वाहन पर कब्जे का आरोप, कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार

दस्तावेजों के दुरुपयोग और वाहन वापस नहीं करने का आरोप, जांच की मांग

नवभारत न्यूज

विदिशा,शमशाबाद तहसील के वार्ड 13 निवासी सानू पुत्र राशिद खान ने कलेक्टर के नाम शिकायती आवेदन देकर कुछ लोगों पर उसके वाहन और दस्तावेजों पर गलत तरीके से कब्जा करने का आरोप लगाया है.

शिकायतकर्ता ने मामले की निष्पक्ष जांच कर वाहन एवं दस्तावेज वापस दिलाने की मांग की है.आवेदन में सानू ने बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी. इसी दौरान उसने अपने वाहन को एक वर्ष के अनुबंध पर देने की सहमति दी थी. उसका आरोप है कि अनुबंध के समय उसने बिना पढ़े दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर दिए, जिसका अब गलत फायदा उठाया जा रहा है.शिकायतकर्ता के अनुसार शमशाबाद निवासी विकल्प, संदीप शाहरुख खान ने कथित रूप से उसके हस्ताक्षरित दस्तावेजों का दुरुपयोग किया और वाहन को अपने कब्जे में रख लिया. सानू का यह भी आरोप है कि वाहन से होने वाली आय उसके खाते में आ रही है लेकिन उस राशि को निकाल नहीं पा रहा है क्योंकि संबंधित एटीएम कार्ड भी उनके पास रखा हुआ है. सानू ने आवेदन में कहा है कि अनुबंध की अवधि पूरी होने के बाद भी उसका वाहन वापस नहीं किया जा रहा है और न ही उसके मूल दस्तावेज लौटाए जा रहे हैं। इससे उसे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है. शिकायतकर्ता ने कलेक्टर से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने, उसके दस्तावेज वापस दिलाने तथा वाहन उसे सौंपने की मांग की है.

सभी छात्रावासों में तीन दिवसीय विशेष स्वच्छता अभियान शुरू

नवभारत न्यूज

विदिशा, कलेक्टर अशुल गुप्ता के निर्देशानुसार आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित जिले के सभी छात्रावासों में 28 से 30 जून तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत छात्रावास भवन, छात्र कक्ष, भोजनालय, रसोई, शौचालय, स्नानागार, पेयजल स्रोत एवं परिसर की व्यापक सफाई कराई जाएगी. वर्षा ऋतु को देखते हुए जल निकासी, मच्छर नियंत्रण, कबाड़ निष्पादन और स्वच्छ पेयजल व्यवस्था की भी समीक्षा होगी. कलेक्टर ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और अभियान की नियमित मॉनिटरिंग कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं.

महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष चयन को लेकर रायशुमारी

- सदस्यता अभियान तेज करने पर जोर
- संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने और महिलाओं के मुद्दों पर संघर्ष तेज करने का लिया संकल्प

नवभारत न्यूज

विदिशा, जिला कांग्रेस कार्यालय में रविवार को महिला कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक प्रदेश महिला कांग्रेस द्वारा नियुक्त प्रभारी स्मिता सोलंकी की उपस्थिति में आयोजित की गई.

बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने की.इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने, सदस्यता अभियान को गति देने तथा महिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चयन को लेकर रायशुमारी की गई. बैठक की शुरुआत पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष आशा सिंह राजपूत द्वारा प्रभारी स्मिता सोलंकी एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के स्वागत से हुई. इसके बाद संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने सभी महिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से सदस्यता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़कर कांग्रेस की ताकत को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाए.प्रभारी स्मिता सोलंकी ने कहा कि प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया के निर्देशानुसार संगठन में ऐसे नेतृत्व को प्राथमिकता दी जाएगी, जो जमीनी स्तर पर सक्रिय, संघर्षशील और महिलाओं की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने की क्षमता रखता हो. उन्होंने बताया कि जिलाध्यक्ष चयन की प्रक्रिया में कार्यकर्ताओं के अनुभव, जनसंपर्क और संगठनात्मक क्षमता को प्रमुख आधार बनाया जाएगा. बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि आगामी दिनों में महिला कांग्रेस गांव-गांव और वार्ड-वार्ड पहुंचकर जनसमस्याओं को लेकर आंदोलनात्मक कार्यक्रम आयोजित करेगी. साथ ही महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर व्यापक अभियान चलाया जाएगा. बैठक के अंत में संगठन को एकजुट रखते हुए जल्द जिलाध्यक्ष चयन की प्रक्रिया पूरी करने तथा जिले में महिला कांग्रेस को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया. इस अवसर पर आशा सिंह राजपूत, प्रीति शर्मा, नीतू राजपूत, संगीता चंद्रावल, नंदनी अहिरवार, रीना सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में महिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहीं.

पल्स पोलियो अभियान के पहले दिन 69 प्रतिशत लक्ष्य हासिल

- घर-घर जाकर जारी रहेगा अभियान
- 1.55 लाख से अधिक बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक

नवभारत न्यूज

विदिशा,राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले में पहले दिन शाम 5 बजे तक 1 लाख 55 हजार 42 बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई गई. यह जिले के कुल 2 लाख 23 हजार 512 बच्चों के लक्ष्य का 69 प्रतिशत है. अभियान का शुभारंभ जिला चिकित्सालय में विधायक मुकेश टंडन , नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा , अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर एवं जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले के सभी नौ विकासखंडों में पोलियो बूथ, ट्रांजिट एवं माइग्रेटरी प्वाइंट, मोबाइल टीमों तथा घर-घर जाकर टीकाकरण का कार्य किया गया. सबसे बेहतर प्रदर्शन विदिशा ग्रामीण ने 77 प्रतिशत और सिरोंज ने 76 प्रतिशत उपलब्धि के साथ किया. जिले के पोलियो बूथों पर 1 लाख 37 हजार 957 बच्चों को दवा पिलाई गई, जबकि शेष बच्चों तक विभिन्न टीमों ने पहुंचकर खुराक उपलब्ध कराई. स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि 29 और 30 जून को घर-घर जाकर उन बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, जो पहले दिन किसी कारणवश बूथों तक नहीं पहुंच सके. विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि शून्य से पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलवाएं, ताकि जिले का कोई भी बच्चा इस जानलेवा बीमारी से असुरक्षित न रहे.

सेफ क्लिक 2.0 अभियान के चौथे दिन किया साइबर जागरूक

नवभारत न्यूज

विदिशा, पुलिस द्वारा संचालित 15 दिवसीय सेफ क्लिक 2.0 अभियान के चौथे दिन जिलेभर में व्यापक साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए. पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में स्कूलों, छात्रावासों, अस्पतालों, बाजारों, रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंडों और ग्राम पंचायतों में करीब 10 हजार नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई. अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं, व्यापारियों, यात्रियों, ग्रामीणों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं आमजन को फर्जी लिंक, ओटीपी और यूपीआई पिन साझा न करने, सोशल मीडिया फ्रॉड से सतर्क रहने तथा किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में 1930 पर शिकायत करें.

बैठक | **न्यायालयीन कार्यों की समीक्षा हेतु कोर्ट मुंशी एवं मोहर्रिरों की बैठक हुई**

बैठक में तामिली व्यवस्था को और प्रभावी बनाने पर जोर

नवभारत न्यूज

विदिशा, एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन एवं एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे की उपस्थिति में रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम, विदिशा में जिले के सभी थानों के कोर्ट मुंशी एवं न्यायालय कोर्ट मोहर्रिरों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिले में समंस, स्थायी वारंट एवं गिरफ्तारी वारंट की तामिली की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई. अधिकारियों ने पिछले माह की तामिली प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए समंस एवं वारंट निष्पादन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने पर जोर दिया. बैठक के दौरान निर्देश दिए गए कि चिन्हित एवं सनसनीखेज प्रकरणों में शत-प्रतिशत सजा सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से प्रभावी पैरवी और समयबद्ध कार्रवाई की जाए. साथ ही न्यायालय से प्राप्त समंस एवं वारंट को अधिकतम ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर उनका त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए. बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि ऑनलाइन प्राप्त समंस एवं वारंट को अनावश्यक रूप से अन्य थानों में स्थानांतरित न किया जाए तथा सभी न्यायालयीन कार्यों में समयबद्धता, पारदर्शिता और प्रभावशीलता बनाए रखी जाए. इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक भूर सिंह चौहान सहित जिले के सभी थाना कोर्ट मुंशी एवं न्यायालय कोर्ट मोहर्रिर उपस्थित रहे.